
पंजाब केसरी 09/09/2025

# जल ही जीवन है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व : डा. रोहित दत्त

## जी.एम.एन. कॉलेज में कॉर्पोरेट जल जिम्मेदारी केस स्टडी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अम्बाला, 8 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान विभाग और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कॉर्पोरेट जल जिम्मेदारी केस स्टडी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व से अवगत कराना रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। आज जिस तेजी से जल संसाधन घट रहे हैं, ऐसे में युवाओं की भागीदारी और जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि हमारे विद्यार्थी जल संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे पर गहन अध्ययन कर रहे हैं और कॉर्पोरेट जगत की पहल को समझकर समाज के सामने नए समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी को समझें तथा जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।



जानकारी देते वक्ता। (चंद्रमोहन)

प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों की जल संरक्षण पहल पर विस्तृत केस स्टडी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों में न केवल जल संरक्षण के वैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डाला, बल्कि यह भी बताया कि किस प्रकार कम्पनियां जल प्रबंधन नीतियों और तकनीकों के माध्यम से स्थायी विकास में योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम का संचालन डा. कुलदीप यादव ने समन्वयक के रूप में किया। निर्णायक मंडल में डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी और डा. अमिता ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।